अत्यावश्यक

राजस्थान सरकार
निदेशालय कोष एवं लेखा राजस्थान, जयपुर

क्रमांक :– एफ.4(ई)(1)(6)/क0ले0प्र0/अलेसे–III/201 दिनांक :–25.04.2019

समस्त कोषाधिकारी,
कोष कार्यालय ..................................
राजस्थान

विषयः– कनि0 लेखाकार भर्ती परीक्षा 2013 में चयनित एवं अन्य नवनियुक्त कनि0 लेखाकारों के जिला स्तर पर 02 सप्ताह के आधारभूत प्रशिक्षण के सम्बन्ध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि कनि0 लेखाकार भर्ती परीक्षा 2013 में चयनित कनि0 लेखाकार एवं अन्य नवनियुक्त (DGS) कनि0 लेखाकारों में से अधिकांश को जिला स्तर पर आपके द्वारा 02 सप्ताह का आधारभूत प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

इस क्रम में लेख है कि कनि0 लेखाकार भर्ती परीक्षा 2013 में चयनित अधिकांश कनि0 लेखाकारों की परिवीक्षा अवधि माह जून–जुलाई 2019 में पूर्ण हो रही है। कार्मिक की परिवीक्षा अवधि पूर्ण होने से पूर्व उक्त प्रशिक्षण प्राप्त करने पर ही कार्मिक के स्थायीकरण आदेश जारी किए जा सकेगें।

अतः जिन कनि0 लेखाकारों द्वारा आदिनांक तक 02 सप्ताह का आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया है, उनको यथासंभव मई माह में 02 सप्ताह का आधारभूत प्रशिक्षण जिला स्तर पर करवाया जाना है। इसलिए आपके जिले में कार्यरत ऐसे कनि0 लेखाकार जिन्होनें 02 सप्ताह का आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया है, उनकी सूचना निम्न प्रारूप में यथाशीघ्र विभागीय ईमेल jacct.dta@rajasthan.gov.in पर भिजवाने के साथ ही हार्ड प्रति भी भिजवाने का श्रम करें–

| क्र. सं. | लिंक नं./ मेरिट नं. | नाम कार्मिक/पिता का नाम | वर्तमान पदस्थापन कार्यालय का नाम |
|---|---|---|---|
| | | | |

(मुकुन्द सोहोनी)
निदेशक

क्रमांक :– एफ.4(ई)(1)(6)/क0ले0प्र0/अलेसे–III/201 दिनांक :–25.04.2019

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है :–

1. अतिरिक्त निजी सचिव, निदेशक।
2. सम्बन्धित कनि0 लेखाकारों को भेजकर लेख है कि जिन्होनें आदिनांक तक 02 सप्ताह का आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया है, वे इसकी सूचना अपने जिला कोषाधिकारी कार्यालय में देवें, अन्यथा समय पर आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त न करने की स्थिति में उनके स्थायीकरण में होने वाली देरी के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होगें।
3. उपनिदेशक (एसीपी) को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
4. रक्षित/निजी पत्रावली।

(शिल्पी कौशिक)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–III)